
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 8 जून 2026

तापमान
अधिकतम 23 .8 डिग्री
न्यूनतम 43 .6 डिग्री

8 अभिनय क्षेत्र में निष्ठा व समर्पण के साथ करें...


10 15 करोड़ की लागत से बिछेगी नई लाइन


## शहर में आज

- लघु सचिवालय में आमजन के लिए समाधान शिविर सुबह 10 बजे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- नगर निगम में आयुक्त नरेंद्र कुमार की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे।
- तेजराम आश्रम जनता कॉलोनी में शाम 4 बजे श्रीमद भागवद कथा का आयोजन।

### शहर का सेक्टर-30 बी बनेगा रोजगार का नया हब, आर्थिक गतिविधियों को भी मिलेगा बड़ा बल

# आईएमटी में औद्योगिक उछाल, 150 नई इकाइयां जल्द शुरू करेंगी उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के औद्योगिक परिदृश्य में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) रोहतक के सेक्टर-30बी में आवंटित औद्योगिक प्लॉटों पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है और अगले कुछ महीनों में करीब 150 नई औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन शुरू करने की संभावना है।

इन इकाइयों के शुरू होने से न केवल काफी युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि आईएमटी की आर्थिक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। सेक्टर-30बी में लघु, मध्यम और ऑटोमोबाइल सहायक उद्योगों के साथ इंजीनियरिंग, पैकेजिंग, प्लास्टिक, फूड प्रोसेसिंग और वेयरहाउसिंग से जुड़े उद्यम स्थापित हो रहे हैं।

कई उद्यमियों ने भवन निर्माण पूरा कर लिया है जबकि अनेक इकाइयों में मशीनरी स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है।

औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, सड़क, जलापूर्ति और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है।


एआई जेनरेटेड

### 3600 एकड़ में है औद्योगिक क्षेत्र

आईएमटी रोहतक को हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने करीब 3600 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया है। दिल्ली-रोहतक राष्ट्रीय राजमार्ग और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे से बेहतर कनेक्टिविटी होने के कारण यह क्षेत्र निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### पहले से उत्पादन कर रही हैं कई बड़ी कंपनियां

आईएमटी रोहतक में देश और दुनिया की कई प्रतिष्ठित कंपनियां पहले से उत्पादन और संचालन कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से एशियन पेंटस, मारुति सुजुकी, का रिसर्च सेंटर ,एसीन ऑटोमोटिव हरियाणा, निपोन कारबाइड इंडिया, एलपीएस ,अमूल मिल्क, ,हाई टेक प्लास्ट, लोटटे इंडिया, , रॉकमैन इंडस्ट्रीज तथा अन्य ऑटोमोबाइल एवं उपभोक्ता उत्पाद कंपनियां शामिल हैं। विशेष रूप से मारुति सुजुकी का रोहतक स्थित अनुसंधान एवं परीक्षण केंद्र देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल आरएंडडी परिसरों में गिना जाता है, जबकि एशियन पेंट्स का संयंत्र उत्तर भारत के प्रमुख पेंट उत्पादन केंद्रों में शामिल है।

### मजबूत औद्योगिक केंद्र के रूप में मजबूत होगी शहर की पहचान

रोजगार और राजस्व में होगा इजाफा उद्योग विभाग से जुड़े जानकारों का मानना है कि सेक्टर-30बी में प्रस्तावित नई इकाइयों के चालू होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार सृजित होंगे। साथ ही ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग, होटल और अन्य सेवा क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से रोहतक की पहचान एक मजबूत औद्योगिक केंद्र के रूप में और मजबूत होने की उम्मीद है।

### रोहतक के औद्योगिक विकास को जल्द मिलेगी नई गतिः नांदल



आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र नांदल ने कहा कि रोहतक के औद्योगिक विकास को जल्द नई गति मिलने वाली है। आईएमटी के सेक्टर-30बी में आवंटित औद्योगिक प्लॉटों पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है और आने वाले कुछ महीनों में करीब 150 नई औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन शुरू करने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इन इकाइयों के शुरू होने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ऑटोमोबाइल सहायक उद्योग, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग, प्लास्टिक, फूड प्रोसेसिंग और वेयरहाउसिंग से जुड़े उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। नांदल ने कहा कि कई उद्यमियों ने अपने औद्योगिक भवनों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, जबकि अनेक इकाइयों में मशीनरी लगाने का काम अंतिम चरण में है।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने पर केस दर्ज

**सांपला।** क्षेत्र के गांव पाकस्मा में एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता जयदेव सिंह ने बताया कि रात करीब 10 बजे वह अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग उनके घर के गेट को जोर-जोर से पीटने लगे और बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर सुनकर वह अपनी बेटी बीरमती के साथ बाहर आए। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही गांव के विकास और मोहित जबरन घर में घुस आए और उन्हें पीटने लगे। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने उन्हें जमीन पर गिराकर लात-घूंसों और लोहे की रॉड से हमला किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में 3 चोटें दर्ज होने के बाद पुलिस ने दो युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत में मिट्टी डालने पर विवाद, 3 लोगों पर केस



**लाखन माजरा।** गांव में खेत में मिट्टी डालने को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के असीम उर्फ मोनू ने बताया कि वह अपने दोस्त धर्मवीर के साथ खेत में मिट्टी डलवा रहा था। तभी तिलकराज, उसकी पत्नी उर्मिला व बेटा हरिश लाठी-डंडे लेकर वहां आए। उन्होंने खेत में मिट्टी डालने का विरोध किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम होने की बात कही तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि तिलकराज ने उसके बाएं पैर पर लाठी मारी, जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद हरिश ने उसे लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर सुमित व रोहतास वहा पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तिलकराज, हरिश और उर्मिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अनसेफ सिटी: रात को अज्ञात हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम

# ओमैक्स सिटी में अपने घर के बाहर टहल रहे फाइनेंसर को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के ओमैक्स सिटी में रविवार देर रात उस समय दहशत फैल गई जब गली में टहल रहे एक फाइनेंसर को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गोली व्यक्ति की कमर में लगी, जिसके बाद वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और घायल को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। वारदात से पूरी कॉलोनी में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, झज्जर जिले के गांव डीघल निवासी फाइनेंसर लवकेश करीब दो माह पहले ही ओमैक्स सिटी में रहने आया है। देर रात वह रोजाना की तरह कॉलोनी की गली में टहलने निकला था। इसी दौरान अचानक एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास पहुंचा और नजदीक से गोली चला दी। गोली कमर में लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।



रोहतक। ओमैक्स सिटी में वह स्थान जहां पर फायरिंग हुई व मौके पर छानबीन के लिए पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### निजी अस्पताल में भर्ती

घायल फाइनेंसर को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात तक उसका उपचार चलता रहा। चिकित्सकों के अनुसार लवकेश की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### विवाद-रंजिश से इनकार

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि घायल फाइनेंसर ने किसी प्रकार की पुरानी रंजिश या विवाद होने से इनकार किया है। ऐसे में पुलिस के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर हमलावर ने गोली क्यों चलाई। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परिवार और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

### नाकाबंदी कर शुरू की चेकिंग

घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी और देर रात तक संदिग्ध वाहनों की जांच अभियान चलाया। शहर से बाहर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आरोपित का कोई सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घायल लवकेश के बयान दर्ज होने के बाद ही मामले में कोई ठोस दिशा मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

# ट्रक का टायर निकलकर बुजुर्ग से टकराया, मौत

- कारोर के पास मानसा महल होटल में रुके थे मांडोठी के बुजुर्ग नरेंद्र कुमार, सुबह घूमने निकले तो हुआ हादसा



**रोहतक।** कारोर के पास सुबह सड़क हादसे में झज्जर के गांव मांडोठी निवासी बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया। ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान गांव मांडोठी जिला झज्जर हाल दयानंद नगर बहादुरगढ़ निवासी नरेंद्र (60) के रूप में हुई। नरेंद्र अपने दोस्त सुनील कुमार व राकेश कुमार के साथ राजस्थान के जैसलमेर व बिकानेर घूमने के लिए गया था। राजस्थान से वापस लौटते समय तीनों दोस्त बीती रात को दिल्ली रोड पर गांव कारोर के पास मानसा महल होटल में रूक गए।

नरेंद्र कुमार सुबह होटल में चाय पीने के बाद बाहर घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान सुबह हिसार रोड की तरफ से एक ट्रक तेज गति से आया। ट्रक का टायर निकल कर नरेंद्र से जा टकराया। टायर के टकराने से नरेंद्र जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके कान से खून निकलने लगा था।

सुनील ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से ट्रक को लेकर फरार हो गया। उसके पीछे साथी राकेश गाड़ी लेकर भी गया, लेकिन ट्रक ड्राइवर का पता नहीं लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर आई और नरेंद्र को लेकर पीजीआई गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

### ओल्ड हाउसिंग बोर्ड के मकान में घुसी अनियंत्रित कार



रोहतक। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक कार अचानक अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसी। घटना के समय घर के बाहर कोई सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे संभावित जनहानि टल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि उस समय घर के बाहर बच्चे खेल रहे होते या परिवार का कोई सदस्य मौजूद होता, तो गंभीर हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद गाड़ी सीधे मकान की दीवार से टकराते हुए अंदर तक जा पहुंची। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान के बाहरी हिस्से को नुकसान पहुंचा। हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जबकि घर में मौजूद लोगों को किसी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और चालक को वाहन से बाहर निकालने में मदद की। बाद में स्थिति सामान्य होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रिहायशी इलाकों में तेज गति से वाहन चलाने पर सख्ती होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

# सीएम विंडो की शिकायतों के निपटारे में रोहतक समेत 7 जिले फिसड्डी, 15 दिन में सुधार करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री विंडो पर दर्ज शिकायतों के निपटारे में रोहतक समेत प्रदेश के सात जिलों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया है। हरियाणा सरकार ने इन जिलों के उपायुक्तों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा कर शिकायत निवारण व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश गत 19 मई को आयोजित मुख्यमंत्री विंडो समीक्षा बैठक के बाद जारी किए गए हैं।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी पत्र में सिरसा, पानीपत, हांसी, अंबाला, रोहतक, जींद और सोनीपत जिलों का समग्र स्कोर 70 से कम दर्ज किया गया। समीक्षा बैठक में इन जिलों के उपायुक्तों से जवाब तलब किया गया और उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए कहा गया। संबंधित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि लंबित शिकायतों का निपटारा 15 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा और स्कोर में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।


एआई जेनरेटेड

### लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं

सरकार ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री विंडो आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। विभाग ने अधिकारियों से जल्द से जल्द अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है। प्रदेश सरकार के इस निर्देश के बाद अब संबंधित जिलों में मुख्यमंत्री विंडो से जुड़े लंबित मामलों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

### जानें... क्या है पत्र में

प्रदेश के उपायुक्तों को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि मुख्यमंत्री विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर विभिन्न विभागों द्वारा कार्रवाई तो की गई है, लेकिन बड़ी संख्या में मामलों में कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है। इसके कारण शिकायतों का वास्तविक निस्तारण रिकॉर्ड में प्रदर्शित नहीं हो रहा और संबंधित जिलों व विभागों के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### सीएम ने समीक्षा बैठक में जताई चिंता

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि केवल कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी रिपोर्ट भी निर्धारित पोर्टल पर समय पर अपलोड की जानी चाहिए ताकि शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी मिल सके और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों और उपायुक्तों को भेजे गए पत्र में निर्देश दिए हैं कि लंबित शिकायतों की तत्काल समीक्षा की जाए। जिन मामलों में कार्रवाई पूरी हो चुकी है, उनकी एटीआर बिना विलंब के पोर्टल पर अपलोड की जाए। साथ ही जिन शिकायतों का समाधान लंबित है, उनका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

### मिट्टी के अखाड़े से एशियाई मंच तक के सफर की प्रेरणादायक कहानी

# इस बार थाईलैंड में चमकेगा रिठाल का सूरज

गरीबी नहीं बनी बाधा: तीसरी बार एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रोहतक के सूरज का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 जून से 5 जुलाई तक थाईलैंड में आयोजित की जाएगी। जिले के रिठाल गांव के सूरज पहलवान कुश्ती में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। सूरज ने बताया कि वर्ष 2018 में ओलंपियन पहलवान सुशील व पहलवान योगेश्वर को देखकर खेलना शुरू किया था।




शुरू में जब खेलना शुरू किया था। परिवार वाले नहीं चाहते थे कि मैं पहलवान बनूं और कुश्ती खेलू, क्योंकि उस समय घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पिता रविप्रकाश ने कहा था कि कुछ नहीं रखा न पहलवानी में, पढ़ाई कर ले। पढ़ लेगा तो न नौकरी लग जाएगी। तुझे पता नहीं है पहलवान बनने में कितना पैसा लगेगा। हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं। मेडल आने के बाद पिता ने कहा कि बेटा मुझे गर्व है तेरे ऊपर। आगे भी ऐसे शानदार प्रदर्शन करके गांव व जिले का नाम रोशन करता रह। सूरज ने बताया कि उस समय गांव में कोई कुश्ती नहीं खेलता था। राके पहलवान के पास शुरू में खेलना शुरू किया। इसके बाद जिले में देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में आ गया था, तभी से यहीं पर कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता हूं। उन्होंने बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण अखाड़ा संचालक मोहित मलिक ने फीस नहीं ली और बोला तू मेहनत कर फीस की चिंता मत कर। डाइट के लिए मेरे दोस्त प्रदीप फौगाट, सोनू मलिक उर्फ लुका, कुलदीप मलिक व जसबीर पंघाल ने मदद की। उन्होंने बताया कि पिता रवि प्रकाश खेती करते हैं, मां सुमन गृहिणी व दो भाई हैं। इससे पहले सूरज ने 2025 में वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। सूरज का लगातार तीसरी बार इस प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इससे पहले दो बार इस प्रतियोगिता में पदक जीत चुका है।

# एमडीयूः पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी), एलएलबी ऑनर्स तीन वर्षीय, बीपीएड, एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एमटेक प्रोग्राम्स, दो वर्षीय डीटीआईएसएल तथा डीआईएसएलआई पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 10 जून है।

यह जानकारी देते हुए निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने बताया कि इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत 100 पाठ्यक्रमों की लगभग 4000 पाठ्यक्रमों में 4000 सीटें उपलब्ध है। पीजी, एलएलबी ऑनर्स तीन वर्षीय, बीपीएड, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 10 जून तक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।

### जानें... किस पाठ्यक्रम में हैं कितनी सीटें

एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स में संचालित पाठ्यक्रमों- एमए-एजुकेशन में 30 सीटें, एमएड में 50 सीटें, एमपीएड में 40 सीटें, बीपीएड में 100 सीटें, एमए अंग्रेजी में 60 सीटें, एमए हिन्दी में 60 सीटें, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार में 40 सीटें, एमए संस्कृत में 75 सीटें, एमए संगीत वोकल में 15 सीटें, एमए म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार में 15 सीटें, एमए फाइन आर्ट्स ड्राइंग एंड पेंटिंग में 15 सीटें, एमए योगा साइंस में 50 सीटें, एमए डिफेंस एंड स्ट्रेटिजिक स्टडीज में 50 सीटें, एमए इकोनोमिक्स में 60 सीटें, एमए ज्योग्राफी में 50 सीटें, एमए हिस्ट्री में 70 सीटें, एम.लिब एंड इंफोर्मेशन साइंस में 45 सीटें, एमए. पॉलिटिकल साइंस में 60 सीटें, एमए साइकोलोजी में 40 सीटें, एमए लोक प्रशासन में 50 सीटें, एमए सोशियोलोजी में 50 सीटें, एमएससी फोरेंसिक साइंस में 25 सीटें, एलएलबीए आनर्स तीन वर्षीय में 120 सीटें, एलएलएम में 30 सीटें, एलएलएम एसएफएस में 60 सीटें उपलब्ध हैं।

## आगजनी होने पर रोहतक और महम से बुलानी पड़ती हैं दमकल की गाड़ियां

# लाखन माजरा में नहीं अग्निशमन केंद्र, कैसी बुझेगी आग

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

ग्राम पंचायत लाखन माजरा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गांव लाखन माजरा में दमकल केंद्र खोलने की मांग की है। पंचायत द्वारा कई बार जिला उपायुक्त, एसडीएम और स्थानीय भाजपा नेताओं के माध्यम से अग्निशमन केंद्र खोलने की मांग की जा चुकी है। लेकिन लाखन माजरा क्षेत्र के लोगों की यह मांग पूरी नहीं हो रही। लाखन माजरा गांव की सरपंच उषा का कहना है कि जब भी लाखन माजरा एरिया में कहीं पर भी आगजनी की घटना होती है, तो आग बुझाने के लिए महम या रोहतक से दमकल की गाड़ियां पहुंचती हैं। लेकिन तब तक फसल अथवा सामान जलकर राख हो चुका होता है। लाखन माजरा से रोहतक की दूरी 30.6 किलोमीटर दूर है। जबकि महम की दूरी करीब 21 किलोमीटर है। इतनी दूर से आग बुझाने वाला वाहन आता है तो आधे घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

- रोहतक व महम से फायर ब्रिगेड पहुंचने तक राख हो चुका होता है सामान
- ग्राम पंचायत लाखन माजरा ने मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र
- लाखन माजरा से रोहतक 30.6, जबकि महम करीब 21 किलोमीटर दूर है


एआई जेनरेटेड

### गेहूं कटाई सीजन और रोड एक्सीडेंट में समय पर नहीं मिलती मदद

जब अप्रैल महीने में गेहूं की कटाई का समय चल रहा होता है। उस समय आगजनी की अधिक घटनाएं होती हैं। इस बार भी बैंसी गांव के पास दर्जनों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ गई थी। अनेक परिवारों के मुंह का निवाला छीन गया। रोहतक और महम से फायर की गाड़ियों ने यहां आग बुझाई। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। यदि समय पर दमकल की गाड़ियां पहुंच जाती तो थोड़ा नुकसान होता। लाखन माजरा गांव अब कस्बे का रूप लेता जा रहा है। यहां पर बाजार में बहुत सी दुकानें हैं। यह गांव जींद रोहतक रोड पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने की वजह से यहां पर वाहनों के एक्सीडेंट भी हो जाते हैं। जुलाना और रोहतक के बीच में कोई दमकल केंद्र नहीं है। हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं के दौरान लगी आग को बुझाने के लिए भी यहां पर एक दमकल केंद्र बनाए जाने की जरूरत है।

### समय पर नहीं पहुंचते वाहन

आगजनी की घटना में तो त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन तुरंत वाहन उपलब्ध नहीं हो पाता। यदि लाखन माजरा में अग्निशमन केंद्र खोल दिया जाए, तो आगजनी की घटना होते ही तुरंत दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचकर और आग बुझाकर नुकसान को रोक सकती है। दूर से वाहन आते हैं तो उनका फायदा नहीं हो रहा। लाखन माजरा एरिया के कई गांव तो ऐसे हैं जो लाखन माजरा से भी आगे दूर स्थित हैं।

### सरपंच ने उठाई मांग

लाखन माजरा गांव की सरपंच उषा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक बार फिर अग्निशमन केंद्र खोलने के लिए मांग पत्र भेजा है। उन्होंने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से भी लाखन माजरा में फायर ब्रिगेड का कार्यालय खोलने की मांग की है। कहा है कि लाखन माजरा गांव को अब उपतहसील का दर्जा प्राप्त है।

## सांपला में क्यूआर कोड स्कैन कर उठाएंगे कचरा

# कस्बे में प्रत्येक मकान के बाहर लगेंगे स्टीकर

- नई तकनीक से कचरा संग्रहण में लापरवाही या कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी से अनुपस्थित जैसी शिकायतों पर प्रभावी लगेगी रोक


एआई जेनरेटेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। नगर पालिका ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए नई तकनीक अपनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब कस्बे के प्रत्येक मकान के बाहर क्यूआर कोड युक्त स्टीकर लगाए जा रहे हैं। कचरा संग्रहण वाहन चालक इन कोडों को नगर पालिका के मोबाइल एप के माध्यम से स्कैन करने के बाद ही घरों से कचरा उठाएंगे।

नगर पालिका के इस कदम का उद्देश्य हर घर से नियमित रूप से कचरा उठाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज होगा कि किस मकान से कचरा उठाया गया और किससे नहीं। इससे कचरा संग्रहण में लापरवाही या कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी से अनुपस्थित रहने जैसी शिकायतों पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

नगर पालिका ने इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया है और सभी मकानों पर क्यूआर कोड लगाने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही नगर पालिका अपने सॉफ्टवेयर को भी अपडेट कर रही है, ताकि भविष्य में नागरिक विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ भी क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे प्राप्त कर सकें।

वर्तमान में नगर पालिका के पास कचरा उठाने के लिए छोटे और बड़े कुल 14 वाहन उपलब्ध हैं। बावजूद इसके कई क्षेत्रों से समय पर कचरा वाहन नहीं पहुंचने की शिकायतें मिलती रही हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद प्रत्येक वाहन की गतिविधियों की डिजिटल मॉनिटरिंग की जाएगी।

### कचरा संग्रहण में सुधार

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, अब कचरा संग्रहण करने वाली कंपनी को भुगतान भी उसी आधार पर किया जाएगा कि उसने कितने घरों से कचरा उठाया है। यदि किसी क्षेत्र में कचरा संग्रहण नहीं किया गया तो संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और भुगतान में कटौती भी संभव होगी।

### मिलेगा स्वच्छ वातावरण

नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि कंपनी द्वारा सभी मकानों पर क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। नई व्यवस्था से यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरा उठाया जाए तथा नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### प्रो. विनीता हुड्डा को 25 लाख की रिसर्च ग्रांट मिली, गेहूं खेती को मिलेगा नया मॉडल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के बॉटनी विभाग की प्रोफेसर प्रो. विनीता हुड्डा की शोध परियोजना को हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा 25 लाख रुपये की फंडिंग की मंजूरी मिली है। यह परियोजना अगले तीन वर्षों तक चलेगी और इसका सीधा फोकस गेहूं उत्पादन को अधिक टिकाऊ, कम लागत वाला और जलवायु-अनुकूल बनाना है। माइकोराइजा–माइक्रोबायोम सिनर्जी विषय पर आधारित इस शोध में मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्मजीवों और फफूंद की मदद से ऐसी तकनीक विकसित करने का प्रयास होगा, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो, मिट्टी की उर्वरता बेहतर बने और गेहूं की फसल गर्मी, सूखा व अन्य पर्यावरणीय तनावों का बेहतर सामना कर सके। शोध का उद्देश्य किसानों के लिए ऐसी ईको-फ्रेंडली खेती प्रणाली तैयार करना है, जिससे उत्पादन लागत कम होने के साथ बेहतर पैदावार भी सुनिश्चित हो सके।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाविप की सेक्टर शाखा ने चलाया पौधरोपण अभियान

**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद सेक्टर शाखा की पर्यावरण संयोजिका संतोष राघव, पूर्व संयोजक एम.एल. अरोड़ा एवं शाखा के सम्मानित सदस्यों ने सेक्टर-3 स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम तथा खाली भूमि पर फलदार एवं छायादार पौध का रोपण किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एमएल अरोड़ा ने कहा कि भारत विकास परिषद पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा-भरा बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। परिषद द्वारा भारत सरकार के "एक पौधा मां के नाम" अभियान के साथ-साथ बच्चों, परिवार के वरिष्ठ सदस्यों, जन्मदिन एवं पुण्यतिथि के अवसर पर पौधारोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने और वातावरण को शुद्ध बनाने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्ष ही वातावरण में बढ़ रही विषैली गैसों को कम कर मानव जीवन की रक्षा करते हैं।

## मत्स्य पालन से खरकड़ा की मनीषा ने पेश की महिला उद्यमिता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का नया उदाहरण पेश करते हुए रोहतक जिले के खरकड़ा गांव की मनीषा ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। समाचार पत्र में प्रकाशित एक लेख से प्रेरित होकर उन्होंने जलीय कृषि को आजीविका का माध्यम बनाया और आज वह न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। मनीषा ने परिवार की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में मत्स्य पालन के क्षेत्र में कदम रखने का निर्णय लिया। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए उन्होंने हिसार स्थित एक्वाकल्चर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एआरटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन, तालाब प्रबंधन, मछलियों के पोषण और उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

### सफलता की मजबूत नींव रखी



प्रशिक्षण पूरा करने के बाद मनीषा ने खरकड़ा गांव के निकट लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में मीठे पानी की मत्स्य पालन परियोजना शुरू की। शुरुआती दौर में चुनौतियां जरूर थीं, लेकिन तकनीकी मार्गदर्शन और वैज्ञानिक प्रबंधन के बल पर उन्होंने सफलता की मजबूत नींव रखी। पहले ही उत्पादन चक्र में उनके तालाबों से करीब 50 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ, जिससे उन्हें लगभग पांच लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई।

### आस-पास के गांवों की महिलाओं में जगी उम्मीद

मनीषा का कहना है कि उचित प्रशिक्षण, सही योजना और मेहनत के बल पर मत्स्य पालन एक लाभकारी व्यवसाय साबित हो सकता है। मनीषा की सफलता ने आसपास के गांवों की महिलाओं में भी नई उम्मीद जगाई है। कई महिलाएं अब स्वरोजगार के विकल्पों की तलाश कर रही हैं और मत्स्य पालन जैसे व्यवसायों में रुचि दिखा रही हैं।

## न्यूज डायरी

### सैनी धर्मशाला मोहल्ला चमनपुरा के चुनाव के लिए रामनारायण सैनी एडवोकेट पैनल ने भरा नामांकन

**रोहतक।** सैनी धर्मशाला चमन पुरा के आगामी त्रैवार्षिक चुनावों के लिए रामनारायण सैनी एडवोकेट पैनल ने समाज सेवा के दृढ़ संकल्प के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया से पूर्व पैनल के सभी प्रत्याशी प्रेम नगर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि, भाईचारे और धर्मशाला के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई। आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव से ओत-प्रोत यह अवसर उपस्थित समाज बंधुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पैनल के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सैनी धर्मशाला को समाज की आशाओं, संस्कारों और सामाजिक गतिविधियों का एक आदर्श केंद्र बनाना है। समाज सेवा, पारदर्शी कार्यप्रणाली, धर्मशाला का सर्वांगीण विकास तथा समाज में आपसी भाईचारे और एकता को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सम्मानित बुजुर्गों, मातृशक्ति, युवाओं एवं सभी समाज बंधुओं का स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद उन्हें अवश्य प्राप्त होगा।



### सत्संग एवं भंडारे में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, सांपला के समग्र विकास का लिया संकल्प : रणवीर ढाका

**सांपला।** नई अनाज मंडी में सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जहां नवनिर्वाचित नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच एवं समर्थकों ने उनका स्वागत किया। रणवीर ढाका ने कहा कि नपा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य किया, जिसका परिणाम जनता के समर्थन के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि अब चुने हुए जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे विकास कार्यों से जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। चेयरमैन ने कहा कि नगरपालिका का नया कार्यकाल जनता की अपेक्षाओं और सहयोग के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, जलभराव का स्थायी समाधान किया जाएगा।



### सुखबीर सिंह समचाना की स्मृति में एमडीयू परिसर में किया पौधरोपण

**रोहतक।** भगत सिंह विचार समिति के संस्थापक एवं पूर्व सरपंच स्वर्गीय सुखबीर सिंह समचाना की पुण्यतिथि पर रविवार को भगत सिंह विचार समिति के तत्वावधान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समिति के अध्यक्ष एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया ने कहा कि सुखबीर सिंह समचाना युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों से प्रभावित रहा और उन्होंने हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई।

### नितानंद स्कूल में कल होगा जैविक खेती सम्मेलन, नए प्रयोगों पर करेंगे जागरूक

**रोहतक।** जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से 9 जून 2026 को रोहतक में जैविक किसानों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्राकृतिक खेती अभियान की ओर से स्वामी नितानंद स्कूल में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार वर्ष 2010 से लगातार आयोजित हो रहा यह सम्मेलन हरियाणा के जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। सम्मेलन में किसान खेती से जुड़े अपने नए प्रयोगों, सफलताओं और चुनौतियों को साझा करेंगे, जिससे अन्य किसानों को भी नई जानकारी और मार्गदर्शन मिल सके। प्राकृतिक खेती अभियान के संयोजक फूल कुमार ने बताया कि जैविक खेती के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण नवाचार किसानों द्वारा अपने खेतों में किए जा रहे हैं। ऐसे में किसान-वैज्ञानिकों के बीच संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभियान के सलाहकार प्रो. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन में फसल विविधीकरण पर विशेष चर्चा होगी।


## चौपाल

**आचरण** खेल के मैदान में पसीना बहाने या पढ़ाई करने के बजाय रील्स बनाने में अपना कीमती समय बर्बाद कर रहे युवा

# लोक संस्कृति में बढ़ता बाजारीकरण



मंथन
सरिता



हरियाणा की इस ऐतिहासिक धरती का इतिहास भी अपनी अनूठी संस्कृति की वजह से बहुत समृद्ध रहा है। यहाँ के खेतों की खुशबू, चौपालों की रौनक और हमारे बुजुर्ग कलाकारों की तान ने हमेशा पूरे समाज को आपस में जोड़कर रखा है। लेकिन आज के डिजिटल दौर में, जहाँ हर तरफ इंटरनेट और सोशल मीडिया का असर है, हरियाणा का यह ताना-बाना एक बड़े संकट से घिर गया है। जिस लोक संस्कृति का मकसद लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ समाज को अच्छी सीख देना था, आज वह बाजार के लालच और अश्लीलता की भेंट चढ़ती जा रही है।


यूट्यूब और इंस्टाग्राम रील्स पर व्यूज और लाइक्स पाने की इस होड़ ने हमारी संस्कृति की मूल भावना को बहुत ठेस पहुँचाई है। हरियाणा की लोक संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी थीं। यहाँ की सांग परंपरा केवल टाइमपास का साधन नहीं थी। यह खुली चौपालों में होने वाला एक ऐसा नाटक था जो लोगों को सच, ईमानदारी और त्याग का रास्ता दिखाता था। इसी तरह रागनियों से जीवन के गहरे सच और सामाजिकता से परिचय होता था। हमारे अपने वीरों के किस्से युवाओं में देशप्रेम और आपसी भाईचारे का जोश भरते थे और भजनों के जरिए समाज की बुराइयों पर चोट की जाती थी। जब से सबके हाथ में स्मार्टफोन और सस्ता इंटरनेट आया है, चीजें बहुत बदल गई हैं। इसने जानकारी तो सब तक पहुँचाई, लेकिन साथ ही हमारी संस्कृति में एक तरह का प्रदूषण भी फैला दिया है। यूट्यूब और रील्स के इस दौर ने लोक संस्कृति को रातों-रात बाजार में बिकने वाला सामान बना दिया है। आज कोई गाना या कला कितनी अच्छी है, यह इस बात से तय नहीं होता कि उसमें कितनी गहरी बात कही गई है, बल्कि इस बात से तय होता है कि वह कितनी जल्दी इंटरनेट पर वायरल हो सकती है। इस चक्कर में जो कलाकार सचमुच अच्छा और साफ-सुथरा काम करना चाहते हैं, उन्हें लोग भूलते जा रहे हैं, जबकि सनसनी फैलाने वाले या भड़काऊ चीजें परोसने वाले लोग रातों-रात स्टार बन रहे हैं। पैसे कमाने की इस अंधी दौड़ ने हमारी संस्कृति के असली चेहरे को बिगाड़ दिया है।

आजकल के हरियाणवी गानों और वीडियो में अश्लीलता का बढ़ना सबसे चिंता की बात है। पारंपरिक सादगी को छोड़कर अब गानों में सिर्फ दिखावे और अंग-प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। दोहरे अर्थ वाले शब्द और भद्दे इशारों वाले ये गाने आज शादियों, पार्टियों और गाड़ियों में आम बजते सुनाई देते हैं। इससे धीरे-धीरे समाज में इस तरह की अश्लीलता को एक सामान्य बात माना जाने लगा है, जो कि बहुत खतरनाक है। इसके साथ ही गानों में बंदूकों, हथियारों और बदमाशी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का एक नया चलन शुरू हो गया है। आज के ज्यादातर मशहूर गानों में नायक को कानून तोड़ते, हथियार लहराते और लड़ाई-झगड़ा करते दिखाया जाता है। बदमाशी, रौब जमाना या जेल जाने को इस तरह पेश किया जाता है, जैसे यही असली नायक हो। यह बात सीधे तौर पर हमारी कानून-व्यवस्था को नुकसान पहुँचाती है और कम उम्र के बच्चों के दिमाग पर बहुत बुरा असर डाल रही है। इससे युवाओं में गुस्सा और अपराध की भावना बढ़ रही है। एक और दुखद बात यह है कि हरियाणा का समाज हमेशा से 'छत्तीस बिरादरी' के भाईचारे के लिए जाना जाता था, जहाँ सांग देखने के लिए हर वर्ग के लोग एक साथ चौपाल पर बैठते थे। लेकिन आज के गानों और सोशल मीडिया ने इस आपसी भाईचारे को भी चोट पहुँचाई है। अब खास जातियों के नाम पर गाने बनाए जा रहे हैं, जिनमें खुद की जाति को सबसे ऊपर और दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश होती है। ऐसे गाने युवाओं के दिलों में एक-दूसरे के प्रति नफरत और दूरी पैदा कर रहे हैं। इन गानों के नीचे इंटरनेट पर लोग एक-दूसरे को गालियाँ देते नजर आते हैं, जो हमारे शांतिपूर्ण समाज के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। हम जैसा देखते और सुनते हैं, धीरे-धीरे हमारे संस्कार और व्यवहार भी वैसे ही होने लगते हैं। जब युवा दिन-रात फोन पर अश्लीलता, हथियार और जातिवाद देखेंगे, तो उनका पढ़ाई, मेहनत और अच्छे मूल्यों से भरोसा उठने लगता है। खेल के मैदान में पसीना बहाने या पढ़ाई करने के बजाय वे रातों-रात मशहूर होने के लिए खतरनाक रील्स बनाने में अपना कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं। ये चीजें उन्हें नशे और गलत संगति की तरफ भी धकेल रही हैं। ऐसी चिंतनीय स्थिति में हमें मिलकर कुछ जमीनी और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। आज अपनी वास्तविक परम्पराओं को सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के बीच रखना होगा ताकि नई पीढ़ी को पता चल सके कि हमारी असल संस्कृति क्या है। नफरत और अश्लीलता फैलाने वाले वीडियो पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में हमारे पुराने वाद्य यंत्रों को दोबारा जगह मिलनी चाहिए और साफ-सुथरी रागनी प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि बच्चे फोन पर क्या देख और सुन रहे हैं।

# अभिनय क्षेत्र में निष्ठा व समर्पण के साथ करें कार्य : राम नारायण



कलाकार
डॉ. तबस्सुम जहां




संघर्षों की आग में तपकर ही कलाकार अपनी वास्तविक पहचान बनाता है। हरियाणा की सांस्कृतिक धरती से निकलकर रंगमंच, फिल्मों और वेब सीरीज़ तक का सफर तय करने वाले राम नारायण ऐसे ही कलाकार हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद अपनी प्रतिभा और समर्पण के बल पर अभिनय जगत में एक विशिष्ट स्थान बनाया है।

उनका जीवन संघर्ष, कला और निरंतर सीख की प्रेरणादायक कहानी प्रस्तुत करता है। रंगमंच से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाले राम नारायण ने समय के साथ फिल्म और डिजिटल माध्यमों में भी अपनी सशक्त पहचान स्थापित की। उन्होंने दूरदर्शन के लिए प्रौढ़ शिक्षा पर आधारित एक फिल्म तथा इग्नू के नर्सिंग कोर्स पर डॉक्यूमेंट्री में काम किया। उन्होंने राजू पंजाबी के लोकप्रिय गीत 'हरियाणा तो बदल गया' के साथ-साथ 'बूमरेंग' (कफन पर आधारित), काण्ड 2010, बवाल, कोहरा-2 और वादा जैसी परियोजनाओं में अपने प्रभावशाली अभिनय का प्रदर्शन किया है। उनके अभिनय की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है और उनकी आगामी फिल्मों मोमाकु तथा कांडी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हिसार शहर में जन्मे राम नारायण चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। परिवार के आर्थिक हालात इनके अनुकूल न रहे। यही कारण है कि रंगमंच को करियर बनाने पर उन्हें परिवार का अपेक्षित सहयोग नहीं मिला, फिर भी उन्होंने संघर्षों और अभावों के बीच अपने अभिनय सफर को जारी रखा। कई बार उन्हें यह कहकर बिना पारिश्रमिक काम कराया गया कि बजट नहीं है, जबकि अन्य लोगों को भुगतान किया जाता था। इस अनुभव ने उन्हें सिखाया कि कलाकार को अपनी मेहनत और कला का सम्मान करते हुए अपने काम का उचित मूल्य अवश्य लेना चाहिए। अपने थियेटर के प्रति गहरे जुड़ाव के संदर्भ में राम नारायण बताते हैं कि कक्षा 3 में उन्हें पहली बार मंच पर प्रदर्शन करने का अवसर मिला और कक्षा 6 से 10 तक वे संगीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहे। कॉलेज के दौरान रंगमंच के प्रति उनकी रुचि और बढ़ी तथा बी.ए. के दूसरे वर्ष से उन्होंने निर्देशन और नाट्य गतिविधियों की जिम्मेदारियां संभालनी शुरू कर दीं। बाद में उन्होंने छह वर्षों तक संस्कृत नाटकों का निर्देशन किया और विभिन्न विश्वविद्यालयों के युवा महोत्सवों में नाटिका, माइम एवं स्किट प्रस्तुत कर अपनी अलग पहचान बनाई। राम नारायण ने स्टेज ऐप की 'कांड 2010' तथा और सुपवा के साथ 'चूल्हा न्यौंद' में काम किया है। मुंबई में कांड 2010 वेब सीरीज़ के लिए अवार्ड मिलने पर राम नारायण बताते हैं कि जब 'काण्ड 2010' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर) का पुरस्कार मिलने की सूचना मिली, तो वह क्षण मेरे लिए अत्यंत खुशी का था। इसके अलावा इन्हें 'बूमरेंग' (कफन पर आधारित) के लिए अमेरिका के एक फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि आपके अभिनय जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। कांड 2010 वेबसीरीज़ में अपने किरदार और अनुभव के बारे में राम नारायण बताते हैं कि वर्ष 2010 में निर्देशक राजेश बब्बर द्वारा काण्ड में जगदीश के चरित्र के लिए चुना जाना उनके लिए बेहद भावुक और यादगार क्षण था। हालांकि वे पहले भी कई चुनौतीपूर्ण भूमिकाएँ निभा चुके थे, लेकिन जगदीश का चरित्र अपनी सामाजिक पृष्ठभूमि और गहरी मनोवैज्ञानिक जटिलताओं के कारण उनके लिए विशेष रहा। कैमरे के सामने और रंगमच पर अभिनय की दृष्टि से वह बड़ा अंतर मानते हैं। उनके अनुसार कैमरे के सामने काम करने का एक लाभ यह है कि आपको दृश्य दोबारा करने का अवसर मिल जाता है, लेकिन रंगमंच में ऐसा नहीं होता। यदि कोई त्रुटि रह जाए, तो उसे अगले शो में ही सुधारा जा सकता है, और अगला शो कब मिलेगा, यह निश्चित नहीं होता। हरियाणा के रंगमंच और हरियाणवी सिनेमा की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में रंगमंच की स्थिति अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है। पिछले आठ-दस वर्षों में हरियाणवी सिनेमा ने इस क्षेत्र को कुछ हद तक संभाला अवश्य है, लेकिन वास्तविक हरियाणवी संस्कृति की झलक अभी भी सीमित रूप में दिखाई देती है। केवल हरियाणवी बोली बोलने से संस्कृति का संरक्षण नहीं होता। उसके मूल मूल्यों, परंपराओं और जीवन शैली को भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। संभावनाए तो बहुत हैं, लेकिन उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। यशपाल शर्मा ने दादा लखमी फिल्म बनाकर इसी विचार को आगे बढ़ाकर सफलतापूर्वक साकार किया। उभरते नए युवा कलाकारों के लिए राम नारायण संदेश देते हैं कि आपने इस क्षेत्र को चुना है, तो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। समय की पाबंदी रखें। जो देर से आए, उसे यह महसूस होना चाहिए कि उसने एक अवसर खो दिया है।

**खबर संक्षेप**



शॉर्ट फिल्म की तैयारी करते विद्यार्थी।

## रूस के फिल्म फेस्टिवल में दिखेगी सुपवा की फिल्म

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म 'जोगई परिवार' का रूस में होने वाले 21वें विदइन द फैमली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ फैमली एंड चिल्ड्रन फिल्म 2026 में स्क्रीनिंग के लिए चयन किया गया है। फिल्म फेस्टिवल 3 जुलाई से यारोस्लावल, रूस में शुरू होगा, जहां दुनिया भर की चुनिंदा फिल्मों की ज्यूरी, फिल्म व कला प्रेमियों के सामने स्क्रीनिंग होगी।

रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने बताया कि सुपवा द्वारा प्रोड्यूस 'जोगई परिवार' को यहां पढ़ने वाले फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के छात्रों ने तैयार किया है। इसका निर्देशन 2023 बैच के डायरेक्शन के छात्र अर्पित आनंद सिंह ने किया है। अर्पित मूलत गगहा क्षेत्र गोरखपुर के निवासी हैं जो सुपवा में फिल्म निर्देशन की पढ़ाई कर रहे हैं। 'जोगई परिवार' का चयन शॉर्ट फिल्म की कैटेगिरी में हुआ है। इस फिल्म के कलाकार भी सुपवा के ही छात्र जितेंद्र, शिवम, मिताली, अरूण, व मनखुश हैं।

## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस के समर कैंप में बच्चों ने निखारी प्रतिभा

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी रोहतक में 25 मई से 6 जून तक आयोजित समर कैंप हर्षोल्लास के साथ सफल समापन हुआ। विद्यालय के निर्देशक बलराज सिंह ने अपने संदेश में कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। प्रतिभागी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। समर कैंप के अंतिम दिवस का शुभारंभ बच्चों के लिए आयोजित मूवी शो से हुआ, जिसका सभी विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। आयोजित पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

# जिला पैचिंग सिलाट चैंपियनशिप : प्रिंस और रमन ने जीता सोना

**चैंपियनशिप में जिले की विभिन्न खेल अकादमियों और क्लबों के करीब 100 खिलाड़ियों ने पूरे दमखम और उत्साह के साथ हिस्सा लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रघुवीर सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित चौथी रोहतक जिला पैचिंग सिलाट चैंपियनशिप का शानदार समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम वार्ड नंबर 2 के पार्षद धर्मवीर सैनी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। चैंपियनशिप में जिले की विभिन्न खेल अकादमियों और क्लबों के करीब 100 खिलाड़ियों ने पूरे दमखम और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसमें 32-34 किग्रा में प्रिंस और 34-36 किग्रा में रमन ने गोल्ड मेडल जीता। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले विजेता खिलाड़ी आगामी 9 और 10 जून को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता के विभिन्न आयु और भार वर्गों के परिणाम

**प्री-टीन वर्ग (बॉयज एवं गर्ल्स)**

**बॉयज ग्रुप**

26-28 किग्रा: अंश गोल्ड, अक्षित सिल्वर, हर्ष ब्रॉन्ज
28-30 किग्रा: भानू गोल्ड, सन्नी सिल्वर, अंशु एवं परम ब्रॉन्ज
32-34 किग्रा: प्रिंस गोल्ड
34-36 किग्रा: रमन गोल्ड
36-38 किग्रा: किरण गोल्ड
48-50 किग्रा: मोनू गोल्ड

**गर्ल्स ग्रुप**

26-28 किग्रा: सिखा गोल्ड
32-34 किग्रा: भावना गोल्ड

**बॉयज ग्रुप**

30-33 किग्रा: वंश गोल्ड, अनुवित सिल्वर
36-39 किग्रा: नीरज गोल्ड
39-42 किग्रा: आयुष गोल्ड
42-45 किग्रा: आर्यन गोल्ड
45-48 किग्रा: यशविन गोल्ड
48-51 किग्रा: मोक्स गोल्ड
60-63 किग्रा: लव गोल्ड
63-66 किग्रा: राहुल बुद्धवार गोल्ड, ध्रुव सिल्वर

**-गर्ल्स ग्रुप**

39-42 किग्रा: सोनम गोल्ड

**बॉयज ग्रुप**

39 किग्रा: तरुण गोल्ड
45-47 किग्रा: पवित्र गोल्ड, ऋतिक सिल्वर, यश ब्रॉन्ज
47-51 किग्रा: हरसित गोल्ड, मनीष सिल्वर, अरुण ब्रॉन्ज
51-55 किग्रा: अंकर गोल्ड, सौमवीर सिल्वर
55-59 किग्रा: जतिन गोल्ड
59-63 किग्रा: जतिन गोल्ड, अंश सिल्वर
71-75 किग्रा: सागर गोल्ड, विशु सिल्वर

**गर्ल्स ग्रुप**

39 किग्रा: आरती गोल्ड
39-43 किग्रा: तनु गोल्ड
43-47 किग्रा: खुशी गोल्ड
47-51 किग्रा: प्रिया गोल्ड, तान्या सिल्वर
59-63 किग्रा: सोनिया गोल्ड

**सीनियर वर्ग (बॉयज एवं गर्ल्स)**

**बॉयज ग्रुप**

50-55 किग्रा: प्रिंस गोल्ड
55-60 किग्रा: हरि मोहन गोल्ड, राहुल सिल्वर
60-65 किग्रा: अंकित गोल्ड
65-70 किग्रा: सावन गोल्ड
75-80 किग्रा: जतिन गोल्ड

**गर्ल्स ग्रुप**

45-50 किग्रा: सलमा गोल्ड
50-55 किग्रा: पूर्णिमा गोल्ड
55-60 किग्रा: पूजा गोल्ड
60-65 किग्रा: मुस्कान गोल्ड
65-70 किग्रा: नेहा सैनी गोल्ड
75-80 किग्रा: नेहा गोल्ड
80-85 किग्रा: मोनिका गोल्ड

### छह दिन बाद भी क्यों नहीं हो रही कार्रवाई

# भगत सिंह कॉम्प्लेक्स: सीएससी अलॉटमेंट मामले में नगर निगम को भेजा रिमाइंडर

**जांच कमेटी को जल्द सौंपनी है रिपोर्ट**



हरिभूमि

नगर निगम की आंखों पर पर्दा अतिक्रमण हटाने वालों की दुकान पर ही हो गया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली गेट स्थित शहीद भगत सिंह मल्टीस्टोरी कॉम्प्लेक्स में बिना किसी सार्वजनिक बोली और आधिकारिक आवंटन प्रक्रिया के सीएससी सेंटर संचालित किए जाने के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। शिकायतकर्ता ने नगर निगम को रिमाइंडर भेजकर कार्रवाई में हो रही देरी पर सवाल उठाए हैं। आयुक्त द्वारा छह दिन पहले जांच के आदेश दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इस मामले में संयुक्त आयुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। ऐसे में मामले को लेकर व्यापारियों और पार्षदों में भी चर्चा तेज हो गई है। जांच कमेटी को जल्द अपनी रिपोर्ट निगम प्रशासन को सौंपनी है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

जानकारी के अनुसार, भगत सिंह मल्टीस्टोरी कॉम्प्लेक्स का निर्माण व्यापारियों और आम नागरिकों को पार्किंग तथा व्यवस्थित व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। अप्रैल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसका उद्घाटन किया था। योजना के तहत कॉम्प्लेक्स की दुकानों और स्थानों का आवंटन खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना था ताकि नगर निगम को राजस्व प्राप्त हो सके।

हालांकि वर्षों बीत जाने के बाद भी दुकानों की बोली प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई।इसी बीच कॉम्प्लेक्स में एक सीएससी सेंटर संचालित होने की जानकारी सामने आने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब आज तक दुकानों और स्थानों का आधिकारिक आवंटन नहीं हुआ तो संबंधित जगह किसके आदेश पर और किस प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराई गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी संस्था या व्यक्ति को स्थान दिया गया है तो उसका पूरा रिकॉर्ड नगर निगम के पास होना चाहिए।

**बाजार किराया करीब 50 हजार रुपये प्रतिमाह**

व्यापारियों का आरोप है कि जिस स्थान पर सीएससी सेंटर चल रहा है, उसका मौजूदा बाजार किराया करीब 50 हजार रुपये प्रतिमाह है। ऐसे में यदि बिना निविदा या पारदर्शी प्रक्रिया के जगह उपलब्ध कराई गई है तो इससे नगर निगम को आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि सेंटर पर विभिन्न सेवाओं के लिए लोगों से 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है। ऐसे में सेंटर की आय, संचालन की वैधता और उससे संबंधित दस्तावेजों की जांच भी आवश्यक है।

**मामले की हो निष्पक्ष जांच**

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित स्थान पर बिजली का मीटर लगा हुआ है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वहां नियमित गतिविधियां संचालित हो रही हैं। उन्होंने मांग की है कि निगम प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट करे तथा यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



रोहतक। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु, श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देते कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलिल। फोटो : हरिभूमि

### श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

## 500 दिव्यांग बच्चों को नया जीवन देने का संकल्प पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धा, भक्ति और जनसेवा के भाव के साथ भव्य समापन हुआ। कथा के प्रारंभ में 500 दिव्यांग बच्चों को नया जीवन देने का जो संकल्प लिया गया था, वह सफलतापूर्वक पूरा हुआ।इस जनकल्याणकारी अभियान को सफल बनाने में राजेश जैन और मनमोहन गोयल का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा। कथा आयोजन के सहयोगी नारायण सेवा संस्थान के माध्यम से दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायता सामग्री उपलब्ध कराई गई। समापन समारोह में 14 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर वितरित की गईं, जबकि 10 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग निःशुल्क प्रदान किए गए। इस सेवा कार्य से लाभार्थियों के जीवन में आत्मनिर्भरता और नई आशा का संचार हुआ। कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलिल ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से धर्म, सेवा और मानवता का संदेश दिया। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## नशा मुक्त और फिट इंडिया का दिया संदेश

### साइकिल चलाना स्वस्थ, आत्मनिर्भर व सशक्त जीवनशैली का प्रतीक

**रोहतक।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आज देशव्यापी स्तर पर विश्व साइकिल दिवस' और 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं के बीच शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों साइकिलिस्टों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने खुद साइकिल रैली का नेतृत्व किया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि साइकिल चलाना स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त जीवनशैली का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री ने विख्यात साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक से विशेष बातचीत कर उनकी खेल उपलब्धियों की सराहना की। इसके साथ ही, मंत्री ने स्वीटी मलिक द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत, फिट इंडिया हस्ताक्षर अभियान' पर स्वयं हस्ताक्षर कर इसे अपना पूर्ण समर्थन और आशीर्वाद दिया। स्वीटी मलिक पिछले कई वर्षों से साइकिलिंग के जरिए नशा मुक्ति का संदेश दे रही हैं।



इस भव्य आयोजन में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी, ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत, प्रसिद्ध खिलाड़ी नूपुर श्योराण और खेलो इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर व आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जैसी जानी-मानी हस्तियों ने भी साइकिलिंग कर युवाओं का उत्साह बढ़ाया।



## विश्व साइकिल दिवस पर साई, एनसीओई और ओजी रन क्लब ने बिखेरी फिटनेस की चमक

**रोहतक।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्थानीय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र ( एनसीओई ) और ओजी रन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य फिटनेस, खेल और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना था। रोमांचक गतिविधियों से भरा रहा दिनकार्यक्रम के दौरान साइकिल राइड, सामूहिक रन, खेल गतिविधियां और कई मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए स्पेशल सेल्फ-डिफेंस और बॉक्सिंग प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक रिफ्रेशमेंट की भी विशेष व्यवस्था की गई थी।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में साई एनसीओई रोहतक के उपनिदेशक गौरव रावत का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा, जिनके नेतृत्व में पूरी टीम ने उत्कृष्ट प्रबंधन का प्रदर्शन किया। वहीं, हेड बॉक्सिंग कोच अमनप्रीत कौर और कोच अमृतपाल सिंह ने कार्यक्रम में विशेष योगदान देते हुए प्रतिभागियों को बॉक्सिंग और आत्मरक्षा की बारीकियों से रूबरू कराया। उनके द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। शहर में फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों को सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करने में जुटे ओजी रन क्लब के संस्थापक देवेंद्र चाहल, राम गोयल और ज्योति चाहल ने इस कार्यक्रम में फिटनेस समुदाय को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

*कार्यक्रम साहित्य संस्कृति और हरियाणवी लोक परंपरा के रंगों से सराबोर रहा*

## गगन हरियाणवी के सम्मान में सजा भव्य काव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देसी काव्य मंच हरियाणा के तत्वावधान में रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में अतिरिक्त कला निदेशक, रोहतक मंडल बनने की खुशी में प्रसिद्ध लोक कलाकार गगन हरियाणवी के सम्मान समारोह एवं विशाल कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति और हरियाणवी लोक परंपरा के रंगों से सराबोर रहा।इस अवसर पर हरियाणवी लोक कलाकार गगन हरियाणवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, वहीं देसी काव्य मंच हरियाणा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिलोटिया, संस्थापक संदीप शर्मा 'बाँवरा' एवं संदीप रिठालिया ने सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों सहित प्रदेशभर से लगभग 80 रचनाकारों ने सहभागिता की, जिनमें से 45 कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी ओजस्वी, श्रृंगार, हास्य, व्यंग्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक, हिंदुस्तान प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश कौशिक, डॉ. वेद प्रकाश श्योरान, कवयित्री सकुंतला काजल, कवि ओम प्रकाश चौहान, कवि वीरेंद्र मधुर, ममता शर्मा, योगेश वत्स (छोटा लखमीचंद), अनीश दूहन, जतीन मलिक (जीतू), हनुमंत मकडौली, जगबीर कौशिक समचाणा, सोनू , देवीराम शर्मा, संदीप रिठालिया, विकास दलाल, सोमबीर जांगड़ा कोशली, तरुणा सचदेवा सहित अनेक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं साहित्यकार मौजूद रहे।

### अमेरिका से आए गगन सूद ने कन्याओं को लक्ष्य, अनुशासन और शिक्षा का महत्व बताया

# पूनम आर्या बोलीं 'बेटियों का संरक्षण व संस्कार जरूरी'

- संस्कारवान और शिक्षित बेटियां ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बनती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटौली परिसर में चल रहे राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण योग शिविर के दूसरे दिन बेटियों के संस्कार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं शारीरिक सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिका से पहुंचे गगन सूद ने कन्याओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और उत्तम शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैं। आज की बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, इसलिए उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास होना चाहिए। मुख्य वक्ता बहन पूनम आर्या, राष्ट्रीय अध्यक्ष बेटी बचाओ अभियान ने कहा कि बेटियों का संरक्षण, संस्कार और चरित्र निर्माण समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



रोहतक। आयोजित राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण शिविर में मुख्य अतिथि अमेरिका से पहुंचे गगन सूद का स्वागत करते आर्य।

**आत्मरक्षा प्रशिक्षण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा**

संस्कारवान और शिक्षित बेटियां ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बनती हैं। उन्होंने कन्याओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ने का संदेश दिया। शिविर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सेल्फ डिफेन्स के लिए लाठी एवं तलवारबाजी का प्रशिक्षण राजस्थान से आईं छवि आर्या, अंकिता आर्या, अंतिम आर्या एवं अंजू आर्या द्वारा दिया जा रहा है। वहीं मुख्य प्रशिक्षक एकता आर्या के नेतृत्व में कन्याओं को सर्वांगसुंदर व्यायाम, जुडो-कराटे, कमांडो प्रशिक्षण, योगासन एवं शारीरिक दक्षता का अभ्यास कराया जा रहा है। इस अवसर पर राजेश आर्य डीएफएससी एवं डॉ. ममता आर्या, सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद हरियाणा की प्रधान मुकेश आर्या, सुषमा आर्या आदि ने भी अपने विचार रखे। शिविर में प्रतिभागी कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अमेरिका निवास गगन सूद ने आश्रम में गौशाला के नए शैड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्र पाठ करके तथा गायों को चारा खिलाकर विधवत शुभारम्भ किया।

## वैदिक सत्संग में मानव निर्माण और संस्कारों पर जोर



**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के दयानंद मठ रोहतक में आयोजित मासिक वैदिक सत्संग का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के वेदप्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती ने की, जबकि यज्ञ का संचालन श्री सोमदेव वर्णी ने किया। सत्संग में वरिष्ठ भजनोपदेशक रामौतार आर्य पुरुषार्थी ने भजनों के माध्यम से परमात्मा की स्तुति, देशभक्ति तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के समाज सुधार कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वेदप्रचार मंडल रोहतक के प्रधान सुभाष सांगवान ने कहा कि वैदिक सत्संग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने बच्चों को भी ऐसे कार्यक्रमों से जोड़ने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता एवं गुरुकुल माउंट आबू के संचालक स्वामी ओमानंद सरस्वती ने मानव जीवन, वैदिक धर्म और संस्कारों पर विस्तार से विचार रखे। आज समाज को अच्छे इंसानों की आवश्यकता है और इसके लिए महर्षि दयानंद द्वारा बताए गए पांच प्रकार के यज्ञों का पालन जरूरी है। वेदों को मानव जीवन का सर्वोच्च मार्गदर्शक बताते हुए स्वाध्याय, सत्संग, शुद्ध आचरण और गुरुकुल शिक्षा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती, आचार्य संतराम, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



रोहतक। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते साथ भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका।

### बहु अकबरपुर में शिविर 120 यूनिट रक्त एकत्र

रोहतक। बहु अकबरपुर स्थित आर्य समाज मंदिर बहु अकबरपुर में समाज सेवा और मानव कल्याण को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा करीब 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों और सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### रमेश खुराना बने पंजाबी सद्भावना मंच अध्यक्ष

रोहतक। सोशल मीडिया पर पंजाबी समुदाय के खिलाफ 'पाकिस्तानी' और 'रिफ्यूजी' जैसे आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग को लेकर रोष बढ़ गया है। दिल्ली रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित बैठक में इस मुद्दे की कड़ी निंदा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंजाबी संस्कृति सद्भावना विचार मंच का गठन किया गया, जिसकी जिम्मेदारी एडवोकेट रमेश खुराना को सौंपी गई। खुराना ने कहा कि पंजाबी समाज का देश के विकास में योगदान रहा है और अपमान जनक शब्दावली स्वीकार्य नहीं है।

## दुर्घटनाओं का खतरा स्कूल बस रूट होने से हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित

# बोहर-सोनीपत मार्ग बदहाल, गंदा पानी व अधूरी सड़क से लोगों की परेशानी बढ़ी, मानसून में हालात और बिगड़ने की आशंका

**ग्रामीणों बोले, 10 से अधिक शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर से सटे गांव बोहर से होकर गुजरने वाला सोनीपत मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। सड़क के एक हिस्से को उखाड़कर अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि दूसरी ओर नाले का गंदा पानी सड़क पर भर जाने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग न केवल बोहर गांव के लोगों के लिए बल्कि खरखोदा, सोनीपत और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए भी प्रमुख संपर्क मार्ग है। सड़क की खराब स्थिति के कारण रोजाना जाम, दुर्घटनाओं का खतरा और आवागमन में देरी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर नगर निगम अधिकारियों को एक-दो बार नहीं बल्कि दस से अधिक बार शिकायतें दी हैं। इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।



रोहतक। सड़क पर जमा गंदा पानी दिखाते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

**निर्माण के नाम पर सड़क उखाड़ी, बनवाई नहीं**

स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क का एक हिस्सा निर्माण कार्य के नाम पर उखाड़ दिया गया था, लेकिन लंबे समय से उसे दोबारा नहीं बनाया गया। वहीं दूसरी तरफ नाले का गंदा पानी लगातार सड़क पर फैल रहा है, जिससे सड़क की हालत और अधिक खराब हो गई है। वाहन चालकों को पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

**आठ हजार से ज्यादा की आबादी की जीवन रेखा**

ग्रामीणों ने बताया कि बोहर गांव की आबादी आठ हजार से अधिक है और यह मार्ग गांव की जीवनरेखा माना जाता है। इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग रोजगार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए आते-जाते हैं। गांव में स्थित स्कूलों की करीब 50 से अधिक बसें भी इसी मार्ग से गुजरती हैं। हालांकि वर्तमान में स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं, इसलिए बच्चों को परेशानी नहीं हो रही, लेकिन स्कूल खुलने के बाद स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**काम चल रहा, नहीं होगी दिक्कत**

यहां का काम चल रहा है। जहां पर काम रुका वहां है वहां पर लेवलिंग की समस्या बनी हुई है। इसका समाधान भी निकाला जा चुका है। कोशिश यहीं है कि मानसून से पहले यहां का समाधान करवा दिया जाएगा। आमजन को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करवाने दिया जाएगा। -मनीषा नांदल, पार्षद, वार्ड-10

**बारिश के दौरान सड़क बन जाती है तालाब**

लोगों का कहना है कि मानसून की शुरुआत होने वाली है और यदि समय रहते सड़क की मरम्मत तथा जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो हालात और बदतर हो जाएंगे। बारिश के दौरान सड़क तालाब बन जाती है।

**निगम नालों की सफाई तक नहीं करवा रहा**

नगर निगम की तरफ से नालों की सफाई तक नहीं करवाई जा रही है। ऐसे में ग्रामीण निगम को एक बार नहीं काफी बार सूचित करवा चुके है। ऐसे में वह नाले का पानी सड़क पर खड़ा रहता है। पैदल आने जाने तक का रास्ता नहीं बचता।

## बारिश के मौसम में शेल्टरों से पानी टपकने बढ़ जाती है परेशानी

# यात्रियों को आश्रय देने वाले बस क्यू शेल्टर खुद मरम्मत के लिए कतार में

**विद्यार्थियों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अलग खबर

शहर में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए बस क्यू शेल्टर आज खुद बदहाली की तस्वीर पेश कर रहे हैं। दिल्ली बाईपास, पावर हाउस सहित कई प्रमुख स्थानों पर बने बस क्यू शेल्टरों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यात्रियों को इनका लाभ मिलने के बजाय परेशानी उठानी पड़ रही है। कहीं छतें टूटी हुई हैं तो कहीं बैठने की कुर्सियां धूप और बारिश से बचाव करने में पूरी तरह असमर्थ हैं। ऐसे में बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़ा रहने को मजबूर होना पड़ता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बने इन बस शेल्टरों का उद्देश्य यात्रियों को धूप, बारिश और अन्य मौसम संबंधी परेशानियों से राहत देना था, लेकिन रखरखाव के अभाव में इनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। कई स्थानों पर शेल्टरों की छतें टूट चुकी हैं, जिससे तेज धूप सीधे बैठने वाली सीटों तक पहुंचती है। दोपहर के समय यात्री शेल्टर के अंदर बैठने के बजाय बाहर खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। नगर निगम की ओर से शहर में दस नए बस क्यू शेल्टर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।





रोहतक। पुरानी आईटीआई के पास बन रहा नया बस क्यू शेल्टर एवं दिल्ली बाइपास पर टूटे बस क्यू शेल्टर।

**यात्रियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा**

फिलहाल मेरे संज्ञान में इस तरह का मामला है नहीं। अगर इस तरह की कोई समस्या बनी हुई है तो उसका तुरंत समाधान करवाया जाएगा। इस तरह से यात्रियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मानसून से पहले इनको पूरी तरह से ठीक करवाया जाएगा। सुशील नांदल, पार्षद, वार्ड-12

**सुबह-शाम लोगों की ज्यादा भीड़**

यात्रियों का कहना है कि सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में लोग बसों का इंतजार करते हैं। इनमें विद्यार्थी, कर्मचारी, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल होती हैं। जर्जर हो चुके शेल्टर न केवल असुविधा पैदा करते हैं बल्कि कई बार सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा बन जाते हैं। टूटे हुए हिस्सों और कमजोर ढांचे के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। शहर के लोग अब उम्मीद हैं कि निगम बस क्यू शेल्टरों की सुध भी लेगा।

**मानसून सर पर टूटी छतें टपकेंगी**

यह शेल्टरमानसून का मौसम शुरू होने वाला है और ऐसे में यात्रियों की चिंता और बढ़ गई है। कई शेल्टरों की छतें पहले से ही क्षतिग्रस्त हैं, जिससे बारिश का पानी सीधे अंदर टपकता है। बारिश के दौरान लोग शेल्टर के नीचे बैठ नहीं पाते और उन्हें भीगते हुए बसों का इंतजार करना पड़ता है। यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

**सार्वजनिक सुविधा का महत्वपूर्ण हिस्सा**

शहरवासियों का कहना है कि बस क्यू शेल्टर सार्वजनिक सुविधा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनकी नियमित सफाई, रंग-रोगन और मरम्मत सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उनका मानना है कि नए निर्माण कार्यों के साथ-साथ मौजूदा संसाधनों को सुरक्षित और उपयोगी बनाए रखना भी

## राजस्व पटवारी-कानूनगो एसो. के प्रधान बने रवि



रोहतक। राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के नए पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रविवार को राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन रोहतक की बैठक में सर्वसम्मति से रवि को जिला प्रधान चुना गया। उनके निर्वाचन पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जयबीर चहल,प्रदेश महासचिव सन्नी दहिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूरजभान खोखर, एसकेएस के जिला प्रधान करमबीर सिवाच तथा जिला सचिव मंजीत पांचाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जिला प्रधान रवि ने संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

**रवि के नेतृत्व में जिला इकाई मजबूत होगी**

प्रदेश नेतृत्व ने रवि को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिला इकाई मजबूत होगी और कर्मचारियों की समस्याएं प्रभावी ढंग से उठाई जाएंगी। बैठक में कर्मचारियों की मांगों और विभागीय मुद्दों पर चर्चा की गई। अंत में नवनिर्वाचित जिला प्रधान रवि का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

## पेंशनर्स की मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन: वेलफेयर एसोसिएशन



रोहतक। ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक हरियाणा रोडवेज यूनियन के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला प्रधान राजेंद्र सिंह फोगाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव नानक चंद मल्होत्रा ने किया। बैठक की शुरुआत शोक सभा के साथ हुई, जिसके बाद निर्धारित एजेंडे पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रेम सिंह सैनी और जल करण बल्हारा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी कर रही है और चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया है, जिससे पेंशनर्स में रोष बढ़ रहा है। ब्लॉक प्रधान जसवंत ढाका और सांपला ब्लॉक प्रधान रामकिशन ने कहा कि यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में वेदपाल हुड्डा, महासिंह सैनी, जयकिशन दलाल, बलवान, समशेर, सत्यपाल, भजन सिंह, निर्मल हुड्डा, अनूप, प्रेम हुड्डा और रामकुमार दहिया सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे।

## बाल मजदूरी खत्म करने में सभी दें सहयोग: सोमबीर

- शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हर बच्चे का अधिकार

रोहतक। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सोमबीर शर्मा ने कहा कि बाल मजदूरी समाज पर एक गंभीर कलंक है, जिसे समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का अधिकार है, लेकिन आज भी कई बच्चे मजदूरी करने को मजबूर हैं। बच्चों के हाथों में किताबें और कलम होनी चाहिए, न कि मजदूरी के औजार। उन्होंने बताया कि बाल मजदूरी बच्चों का बचपन छीनने के साथ देश के भविष्य को भी प्रभावित करती है। उन्होंने नागरिकों से बाल मजदूरी रोकने में सक्रिय सहयोग की अपील की।

# पुलिस हस्तक्षेप से खुला विजय नगर बाग वाली गली का रास्ता

**हजारों लोगों को मिली राहत, लंबे समय से हो रही थी परेशानी, पार्षद प्रवीण की पहल से निकला हल**

- मुख्यमंत्री तक पहुंचा मामला, क्षेत्रवासियों ने पार्षद का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विजय नगर स्थित बाग वाली गली में लंबे समय से रास्ता अवरुद्ध होने के कारण क्षेत्र के हजारों परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों के लिए दैनिक आवागमन मुश्किल हो गया था और कई बार उन्हें वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ता था। शनिवार रात पुलिस के हस्तक्षेप के बाद रास्ते को पूरी तरह खुलवा दिया गया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों के अनुसार गली में अवरोध के कारण लोगों के निकलने का रास्ता लगभग बंद हो गया था। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही थी। वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के लोगों ने कई बार इस समस्या के समाधान की मांग उठाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्ड के पार्षद प्रवीण कौशिक ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा मजबूती से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक भी क्षेत्रवासियों की समस्या पहुंचाई और शीघ्र समाधान की मांग की। इसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और पुलिस की मौजूदगी में रास्ते को खुलवाने की कार्रवाई की गई। शनिवार रात हुई कार्रवाई के बाद अब गली का रास्ता पूरी तरह साफ हो चुका है। किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं रहने से लोग आसानी से अपने घरों और अन्य स्थानों तक आ-जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रास्ता खुलने से उनकी बड़ी समस्या का समाधान हुआ है और अब उन्हें रोजाना होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन, पुलिस विभाग और पार्षद प्रवीण कौशिक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का समय पर समाधान होने से लोगों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत होता है। लोगों को उम्मीद है कि भविष्य में भी क्षेत्र की अन्य समस्याओं का इसी प्रकार शीघ्र समाधान किया जाएगा। लंबे समय से आ रही दिक्कत से लोगों ने राहत मिली है।

## रोहतक की जनता की सेवा करता रहूंगा : ग्रोवर



रोहतक। न्यू विजय नगर की बाग वाली गली का मुख्य रास्ता खुलने के बाद क्षेत्रवासियों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। लोगों ने गली खुलवाने में उनकी भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि वह अंतिम सांस तक रोहतक की जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने रोहतक प्रशासन और सीएम से बातचीत की थी। नगर निगम मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। पार्षद प्रवीण कौशिक ने बताया कि रास्ता बंद होने से हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। उन्होंने पूर्व मंत्री और प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। गली खुलने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने प्रशासन तथा पूर्व मंत्री का धन्यवाद किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बाबा मस्तनाथ नगर व गढ़ी बोहर में सीवरेज व्यवस्था होगी दुरुस्त

# 15 करोड़ की लागत से बिछेगी नई लाइन

- वर्षों पुरानी जल निकासी समस्या का होगा स्थायी समाधान
- अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया, तकनीकी योजना पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिटी पल्स

शहर के बाबा मस्तनाथ नगर और गढ़ी बोहर क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही बेहतर सीवरेज सुविधा मिलने जा रही है। क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जल निकासी और सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नई सीवरेज लाइन बिछाने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी, जिससे हजारों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। वार्ड- 10 के पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल ने बताया कि परियोजना को धरातल पर उतारने से पहले जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित सीवरेज लाइन के रूट, तकनीकी आवश्यकताओं और स्थानीय जरूरतों का जायजा लिया। साथ ही क्षेत्रवासियों को भविष्य में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा भी की गई। समस्याओं और लोगों की जरूरतों से अधिकारियों को अवगत कराया तथा परियोजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बाबा मस्तनाथ नगर और गढ़ी बोहर में बढ़ती आबादी के कारण मौजूदा सीवरेज व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, जिसके चलते बरसात के दिनों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



रोहतक। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण करवाते पार्षद प्रतिनिधि ।

**जल निकासी व बुनियादी सुविधाओं में होगा सुधार**

क्षेत्र के विकास तथा नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नई सीवरेज लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद बाबा मस्तनाथ नगर और गढ़ी बोहर क्षेत्र में स्वच्छता, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं के स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। -सुमित नांदल, पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड-10

**आबादी को ध्यान में रखकर बनेगी सीवरेज लाइन**

अधिकारियों के अनुसार नई सीवरेज लाइन को भविष्य की जरूरतों और बढ़ती आबादी को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाएं अंतिम चरण में हैं। मानसून के बाद निर्माण कार्य शुरू कर निर्धारित समय में परियोजना पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

## आर्य वीरांगनाओं ने युद्ध कलाओं से मोहा



रोहतक। वैदिक भक्ति साधन आश्रम के प्रशिक्षण शिविर में आर्य वीरांगना को सम्मानित करते मुख्य वक्ता आचार्या आर्याशा,अध्यक्ष दयावती व आचार्य शक्तिदेव।

रोहतक। आर्य वीर दल के तत्वावधान में आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित सात दिवसीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर संस्कृति रक्षा के सामूहिक संकल्प के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में प्रतिभागी वीरांगनाओं ने शारीरिक व्यायाम, युद्ध कलाओं, गीत, कविता और भाषणों का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता आचार्या आर्याशा ने कहा कि वीरांगना वही है जिसके संस्कारों से वीर उत्पन्न हों। कन्याओं को सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सजग और भावनात्मक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया। प्रांतीय सह संचालक आचार्य संदीप ने राष्ट्रीयता और स्वत्व बोध को मजबूत करने पर जोर दिया। डॉ. जगदेव सिंह ने स्वास्थ्य के लिए नियमित प्राणायाम करने की सलाह दी, जबकि स्वामी शांतानंद ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया।